प्रतियोगिता में 20 टीमों ने हिस्सा लिया, खिताबी मुकाबले में पीडब्ल्यूसी को हराया, अगले साल 100 टीमों को जोड़ने की तैयारी

कॉरपोरेट फुटबॉल लीग की विजेता बनी पीपीटीएस

दमखम

गुरुग्राम | कार्यालय संवाददाता

कॉरपोरेट फुटबॉल लीग-2 की विजेता पीपीटीएस की टीम बन गई है। प्रतियोगिता में 20 टीमों को हराकर खिताब जीता है। सोमवार को खिताबी मुकाबले में पीडब्ल्यूसी को मात दी।

सेक्टर -58 स्थित मेड इजी स्कूल में आयोजित दो दिवसीय कॉर्पोरेट फुटबॉल लीग-2 का समपान हो गया। खिताबी मुकाबला पीपीटीएस और पीडब्ल्यूसी के बीच हुआ। इसमें पीपीटीएस ने उसे को 4-1 से परास्त किया। विजयी टीम को स्कूल के निदेशक बी. सिंह ने सम्मानित किया। प्रतियोगिता में ट्रॉफी के साथ 61 हजार रुपये के नगद पुरस्कार दिए गए। इस अवसर पर बी सिंह ने कहा कि कॉरपोरेट कल्चर में शारीरिक श्रम और खेल के प्रति रुझान कम हो जाता है। लेकिन इस तरह की प्रतियोगिताओं के जरिए खुद को स्वस्थ रख सकते हैं। बचपन से मौजूद खेल की महत्वाकांक्षाओं को पूरा कर सकते हैं।

गुरुग्राम में सोमवार को कॉरपोरेट फुटबॉल लीग की विजेता टीम ने जश्न मनाया।

तीसरा संस्करण जल्द

प्रतियोगिता के आयोजक संजय सिंघानिया ने कहा कि जल्द ही बड़े स्तर पर लीग के तीसरे संस्करण का आयोजन किया जाएगा। इसमें 100 से अधिक टीमें जोड़ी जाएंगी।

ये टीमें हुईं शामिल

पीडब्ल्यूसी, इंडिया बुल्स, एसएफ सोनिक, सैमसंग, एफआईएस, पैनासोनिक, गोदरेज प्रॉपर्टीज, बैंक ऑफ अमेरिका, कार्थरॉकेट, मेड इजी, चील और अन्य।